# पंचदश

# बिहार विधान-सभा

## पंचम सत्र

## तारांकित प्रश्न

### वर्ग-1

सोमवार, तिथि 13 चैत्र, 1934 (श०) / 02 अप्रील 2012 (ई०)

प्रश्नों की कुल संख्या—22

| | | | |
|---|---|---|---|
| (1) गृह विभाग | .. | .. | 10 |
| (2) अल्पसंख्यक कल्याण विभाग | .. | .. | 01 |
| (3) उद्योग विभाग | .. | .. | 02 |
| (4) सामान्य प्रशासन विभाग | .. | .. | 02 |
| (5) सांस्थिक वित्त विभाग | .. | .. | 03 |
| (6) गन्ना उद्योग विभाग | .. | .. | 02 |
| (7) मंत्रिमंडल सचिवालय (निगरानी) विभाग | .. | .. | 01 |
| (8) निर्वाचन विभाग | .. | .. | 01 |
| | | कुल योग .. | 22 |

बुथ बनाना

*3136. श्री अरुण शंकर प्रसाद--क्या मंत्री, निर्वाचन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत जयनगर प्रखण्ड स्थित डोरवार पंचायत के कुंवर टोल कुवाढ़ दक्षिण वार्ड नं० 5 एवं 6 का निर्वाचन बुथ प्राथमिक विद्यालय खिरखिरिया टोल कुवाढ़ रहता है, जो गांव से 3.5 कि०मी० की दूरी है जिसके कारण मतदाता अपना मताधिकार का प्रयोग नहीं कर पाते हैं, यदि हां, तो सरकार उक्त वार्डों का बुथ प्राथमिक विद्यालय खिरखिरिया टोल के बदले पुरनी पोखरा पर बनाने का विचार रखती है, हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

----------

वरीयता का निर्धारण

''क''-*3137. श्री राम लषण राम ''रमण''--क्या मंत्री, सामान्य प्रशासन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिला में निम्नवर्गीय लिपिकों की संख्या, समाहरणालय सहित प्रखण्डों एवं अंचलों में कुल 300 (तीन सौ) है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त निम्न वर्गीय लिपिकों की वरीयता का निर्धारण विगत 10 वर्षों से नहीं किया गया है, जिस कारण उनकी प्रोन्नति वाधित है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उनकी वरीयता का निर्धारण करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

उद्योग खोलना

*3138. श्री अख्तरुल ईमान--क्या मंत्री, उद्योग विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि विगत 10 वर्षों से किशनगंज जिला में अनानास (पाईन एपल) की खेती व्यापक पैमाने पर नकदी फसल के रूप में की जाती है तथा वर्ष 2010 में किशनगंज को अनानास उत्पादक जिला घोषित किया गया है;

(2) क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिला में अनानास का प्रोसेसिंग उद्योग नहीं खोले जाने के कारण वहां के किसानों को अपने उत्पादन का उचित मूल्य नहीं मिल पाता है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार किशनगंज जिला में अनानास प्रोसेसिंग उद्योग खोलने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं तो क्यों ?

--------

कार्रवाई करना

*3139. श्री मंजीत कुमार सिंह--क्या मंत्री, गन्ना उद्योग विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि वित्तीय वर्ष 2009-10 एवं 2010-11 में राज्य प्रायोजित योजनाएं, केन्द्र प्रायोजित योजनाएं, कृषि रोड मैप मद में गन्ना उद्योग विभाग को 85 करोड़ रु० विभिन्न मदों में व्यय हेतु आवंटित किए गए हैं;

(2) क्या यह बात सही है कि आवंटित राशि से गन्ना किसानों को मिश्रित/अन्तर्वर्ती खेती के लिए ढैंचा बीज, मसुर बीज, तिलहन बीज, राज्मा, आलू आदि का तथा विभिन्न प्रकार के बायोपेस्टीसाइड कीट मुफ्त वितरण एवं विभिन्न प्रकार के कृषि यंत्रों का अनुदानित दर पर वितरण मद में 50 करोड़ रु० व्यय हुए हैं;

(3) क्या यह बात सही है कि खण्ड (2) में अंकित विभिन्न सामग्रियों की खरीद बिना निविदा प्राप्त किए वितरित किया गया है;

(4) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार दोषी पदाधिकारियों के विरुद्ध कौन-सी कार्रवाई करना चाहती है ?

---

नोट-''क''-सामान्य प्रशासन विभाग को स्थानान्तरित ।

कार्रवाई करना

*3140. श्री वृजकिशोर सिंह--क्या मंत्री, गन्ना उद्योग विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिलान्तर्गत मोतीपुर प्रखंड के चीनी मिल का 100 एकड़ का जमीन श्री हरदेव राय अनसमिया एवं श्री दामोदर ठाकुर सहित अन्य द्वारा 10 वर्षों से कब्जा कर लिया गया है, यदि हां, तो सरकार मोतीपुर चीनी मिल के जमीन को उक्त कब्जा से मुक्त करने हेतु कौन-सी कार्रवाई करने का विचार रखती है, कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-----------

बैरक का निर्माण

*3141. श्री राजेश्वर राज--क्या मंत्री, गृह (आरक्षी) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि रोहतास जिला के कछवां थाना कर्मियों के लिए आवासीय भवन एवं आरक्षियों के लिए बैरक नहीं है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त थाना में आवासीय भवन एवं बैरक नहीं होने के कारण कर्मियों को थाना से दूर किराये के मकान में रहने से काफी कठिनाइयां होती हैं;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त थाना में कर्मियों के लिए आवासीय भवन एवं आरक्षियों के लिए बैरक बनाने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-----------

बैंक की शाखा खोलना

*3142. श्री सम्राट चौधरी उर्फ राकेश कुमार--क्या मंत्री, संस्थिक वित्त विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुंगेर जिलान्तर्गत तारापुर प्रखण्ड के लखनपुर गांव, जिसका भौगोलिक क्षेत्र मुंगेर एवं भागलपुर दोनों जिला में पड़ता है जिसकी कुल आबादी 20,000 है, परन्तु वहां एक भी बैंक नहीं है, यदि हां, तो क्या सरकार लखनपुर में बैंक की शाखा खोलने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-----------

भवन का निर्माण

*3143. श्री संजय सिंह (टाईगर)--क्या मंत्री, गृह (आरक्षी) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि आरा जिला के बक्सर पथ पर अवस्थित गजराजगंज ओ०पी० सरकारी गोदाम में विगत 15 वर्षों से चल रहा है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त ओ०पी० को भवन निर्माण सहित आधुनिक उपकरणों से लैस कराने का विचार रखती है, हां, तो कबतक ?

गाड़ी उपलब्ध कराना

*3144. श्री कृष्ण कुमार ऋषि—क्या मंत्री, गृह (आरक्षी) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्णियां जिलान्तर्गत मधुबनी ओ०पी० के अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जन-जाति थाना माह दिसम्बर, 2011 में खुला लेकिन आरक्षी बल एवं गाड़ी नहीं रहने के कारण पुलिस कोई कार्रवाई नहीं कर पा रही है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त थाना में आरक्षी बल एवं पुलिस गाड़ी उपलब्ध कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

चहारदीवारी का निर्माण

*3145. श्री उमाकान्त यादव—क्या मंत्री, उद्योग विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत प्रखंड लदनियाँ के बाजार में एन०एच० 105 के किनारे खादी भंडार भवन परिसर की कुल भूमि 2 एकड़ है, जिसकी चहारदीवारी, सौंदर्यीकरण, नहीं होने के कारण पूरा परिसर असुरक्षित है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त भवन का सौंदर्यीकरण तथा चहारदीवारी निर्माण करने का विचार रखती है, हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

बैंक खोलना

*3146. श्री जितेन्द्र कुमार राय—क्या मंत्री, सांस्थिक वित्त विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि सारण जिलान्तर्गत मकेर प्रखंड के जगदीशपुर बाजार ग्रामीण इलाके का महत्वपूर्ण व्यावसायिक केन्द्र है;

(2) क्या यह बात सही है कि वहां के व्यवसायियों एवं ग्रामीणों को बैंक से पैसा निकालने एवं जमा करने हेतु 6 कि०मी० की दूरी तय करनी पड़ती है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार जनहित में जगदीशपुर ग्रामीण बाजार पर बैंक की शाखा खोलने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

योजना का कार्यान्वयन

*3147. श्री शिवजी राय—क्या मंत्री, अल्पसंख्यक कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिले के मधुबन विधान-सभा क्षेत्र के अन्तर्गत मधुबन फेनहारा एवं पकड़ीदयाल प्रखंड में एम०एस०डी०पी० योजना के तहत इन्दिरा आवास, हॉस्टल एवं कब्रिस्तान की घेराबन्दी हेतु वित्तीय वर्ष 2011-12 में 5 करोड़ रुपये की राशि की स्वीकृति दी गई है, लेकिन अभीतक कार्य प्रारम्भ नहीं किया गया है;

(2) क्या यह बात सही है कि प्रश्नकर्ता सदस्य द्वारा इस सन्दर्भ में 8 माह पूर्व में कार्य प्रारम्भ कराने हेतु जिला पदाधिकारी, पूर्वी चम्पारण के यहां आपत्ति दर्ज कराने के बावजूद भी अबतक कार्रवाई नहीं की गई है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त योजना को कार्यान्वयन कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

चिकित्सक का पदस्थापन

*3148. श्री जवाहर प्रसाद—क्या मंत्री, गृह (आरक्षी) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सासाराम के महिला बटालियन में लगभग 650 लड़कियां सहित महिला पुलिस बल की प्रशिक्षण प्राप्त कर रही हैं;

(2) क्या यह बात सही है कि सासाराम के महिला बटालियन केन्द्र में महिला चिकित्सक की नियुक्ति नहीं हुई है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार सासाराम महिला बटालियन प्रशिक्षण केन्द्र पर महिला चिकित्सक पदस्थापित करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

थाना स्थानांतरित करना

*3149. श्री शिवेश कुमार—क्या मंत्री, गृह (आरक्षी) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिला के अगियांव प्रखंड का थाना चरपोखरी थाना क्षेत्र के गड़हनी प्रखंड में अवस्थित है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार उक्त थाना को अगिआंव प्रखंड में स्थानांतरित करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

आवास का निर्माण

*3150. श्री अरूण शंकर प्रसाद—क्या मंत्री, सामान्य प्रशासन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत जयनगर अनुमंडल का स्थापना वर्ष 1991 में हुआ, परन्तु अभीतक अनुमंडल पदाधिकारी सहित कर्मचारियों के लिए आवास का निर्माण नहीं हुआ है;

(2) क्या यह बात सही है कि स्थापना के 21 वर्षों के बाद भी आवास का निर्माण नहीं होने से पदाधिकारी एवं कर्मचारियों को काफी कठिनाई होती है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार जयनगर अनुमंडल के पदाधिकारी एवं कर्मचारियों के आवास निर्माण कराने का विचार रखती है, हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

कब्रिस्तान की घेराबंदी

*3151. श्री प्रेम रंजन पटेल—क्या मंत्री, गृह (आरक्षी) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि लक्खीसराय जिलान्तर्गत चानन प्रखंड के नागरदार में कब्रिस्तान की घेराबन्दी 6 लाख 49 हजार की लागत से वर्ष 2007 में कराने की स्वीकृति दी गयी थी;

(2) क्या यह बात सही है कि पूरी राशि की निकासी हो जाने के बाद भी कब्रिस्तान की घेराबन्दी पूरी नहीं हो सकी है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार राशि निकालनेवाले पदाधिकारी के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए कब्रिस्तान की घेराबन्दी कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

पुलिस जिला का निर्माण

*3152. श्री ललन राम—क्या मंत्री, गृह विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि बिहार के गया जिले के ईमामगंज थाना, कोठी थाना, रौशनगंज थाना, बांकेबाजार थाना, डुमरिया थाना, डोभी थाना एवं बाराचट्टी थाना तथा औरंगाबाद जिले के बालुगंज थाना, देव थाना एवं कुटुम्बा थाना की सीमाएं झारखंड राज्य से मिली हुई है;

(2) क्या यह बात सही है कि इस भौगोलिक स्थिति का लाभ उठाते हुए खंड (1) में वर्णित थाना क्षेत्रों में झारखंड राज्य के उग्रवादी/अपराधी, अपराध कर वापस झारखंड राज्य में चले जाते हैं;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार खंड (1) में वर्णित थानों को मिलाकर अपराध नियंत्रण हेतु ईमामगंज को पुलिस जिला बनाने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

थाना का दर्जा

*3153. श्री जितेन्द्र कुमार राय--क्या मंत्री, गृह (आरक्षी) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सारण जिले के नगरा प्रखंड में 10 वर्षों से ओ०पी० कार्यरत है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त ओ०पी० को थाना का दर्जा नहीं दिया गया है, जिससे लोगों को काफी कठिनाई हो रही है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार नगरा के ओ०पी० को थाना का दर्जा देने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

भवन का निर्माण

*3154. श्री संजय सिंह (टाइगर)--क्या मंत्री, गृह (आरक्षी) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिला के अन्तर्गत चांदी थाना निजी भवन में विगत 10 वर्षों से चल रहा है, जिसके कारण थाना से अपराध नियंत्रण हेतु कार्रवाई भी समय-समय पर प्रभावित होती रहती है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त थाना का अपना भवन बनाने का विचार रखती है, हां, तो कबतक ?

--------

भाड़ा पर देने का औचित्य

*3155. श्री दुर्गा प्रसाद सिंह--क्या मंत्री, मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पटना जिला के फणीश्वर नाथ रेणु हिन्दी भवन, छज्जूबाग को एक रुपये के सांकेतिक भाड़ा पर चन्द्रगुप्त प्रबंधन संस्थान, पटना को दे दिया गया है, यदि हां, तो इसका क्या औचित्य है ?

--------

ऋण नहीं देने का औचित्य

*3156. श्री दुर्गा प्रसाद सिंह--क्या मंत्री, संस्थिक वित्त विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिला के उजियारपुर प्रखंड के चांदचौर मध्य पंचायत के चपता गाँव के निवासियों का ऋण हेतु वित्त पोषक बैंक, समस्तीपुर, क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक का बेलामेंघ, चांदचौर शाखा जहाँ से उक्त गाँव के निवासियों को ऋण नहीं दिया जाता है, यदि हां, तो उक्त बैंक द्वारा चपता गाँव के निवासियों को ऋण नहीं देने का क्या औचित्य है ?

--------

बैरक का निर्माण

*3157. श्री जवाहर प्रसाद--क्या मंत्री, गृह (आरक्षी) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि रोहतास जिला में जिला पुलिस को रहने के लिए कोई अपना बैरक नहीं है ;

(2) क्या यह बात सही है कि रोहतास जिला में जिला पुलिस बी०एम०पी०-2 बैरक, डिहरी ऑन-सोन में वर्षों से रहते आ रहे हैं ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार रोहतास जिला में जिला पुलिस बल का अपना बैरक बनाने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

पटना:
दिनांक 2 अप्रील, 2012 (ई०)

लक्ष्मी कान्त झा,
प्रभारी सचिव,
बिहार विधान-सभा ।

बि०स०मु०(एल०ए०),168-डी०टी०पी0-450